# स्टार्टअप में अच्छा काम करने वालों को दें एडवांस पैसा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कहा कि स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों व विद्यार्थियों को एडवांस राशि के रूप में प्रोत्साहन दिया जाए। एकेटीयू व आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को निर्देश दिया कि इनक्यूबेशन केंद्रों से संबंधित समस्याओं का जल्द समाधान करें।

राज्यपाल राजभवन में एकेटीयू, प्राविधिक शिक्षा व आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कर रहीं थीं। उन्होंने विश्वविद्यालयों व संस्थानों में चल रहे लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि छात्रों से मिली फीस का केवल उनके हित व कल्याण के लिए ही प्रयोग किया जाए। राज्यपाल ने संबद्धता आदि की प्रक्रिया समय से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि इसका असर प्रवेश प्रक्रिया पर न पड़े।



राजभवन में सोमवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करतीं राज्यपाल। स्रोत : राजभवन

**बालिका गृहों में शिक्षा, स्वास्थ्य व सर्वांगीण विकास पर दें विशेष ध्यान : लखनऊ।** राजभवन में राजकीय बालगृह पारा व शिशु बालिका गृह से संबंधित जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य व सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, सभी बालिकाओं के बैंक खाते जल्द खोले जाएं और इनकी शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था की जाए। अधिकारियों को औचक निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया। केजीएमयू की मदद से हेल्थ कैंप लगवाने व हेल्थ कार्ड बनाने का निर्देश दिया। (ब्यूरो)